[श्री अश्विनी कुमार]

सम्भावना है । इस लिए मैं आप के माध्यम से सरकार से इतना ही निवेदन करना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश बिहार सीमा परिवर्तन अधिनियम, 1978 की धारा 26 के अन्तर्गत आयोग गठित हो सकता है । आयोग गठित करके जो दो पड़ौसी प्रान्तों से विदेशी नागरिकों सरीखी स्थिति हो रही है उस को समाप्त करने का प्रयास किया जाय ।

---

## REFERENCE TO THE REPORTED BURSTING OF GAS PIPE IN SIDE BOKARO STEEL PLANT

**श्री हुक्मदेव नारायण यादव** (बिहार): उपसभापति महोदय, मैं सरकार का ध्यान इस महत्वपूर्ण बात की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं कि हमार बिहार में बोकारो स्टील प्लान्ट है । अरबों रुपया सरकार का उस में लगा है और हम लोग बराबर इस प्रश्न को उठाते रहे हैं कि फैक्टरी के अन्दर, उस प्लान्ट के अन्दर बड़ी अव्यवस्था है और उस के कारण ही कितनी दुर्घटनायें हो सकती हैं और उस के अन्दर के भ्रष्टाचार का सवाल भी हम लोग उठाते रहे हैं। लेकिन उस के बाद भी सरकार उस के प्रति सचेट नहीं हुई और अभी-अभी वहां का एक गैस पाइप फट गया जिस के कारण 8 मजदूर मर गये और 24 मजदूर घायल हो गये । वे घायल मजदूर अस्पताल में भरती किये गये है और उन की हालत अत्यन्त चिन्ताजनक है। अभी तो यह गैस पाइप फटा है, लेकिन हम लोग शुरू से ही सरकार का ध्यान आकृष्ट किये थे और मैं फिर सरकार को कहना चाहता हूं इस कारखाने में जिस में सरकार का अरबों रुपया लगा है उस में इतनी बदइंतजामी है कि जिस के कारण किसी समय क्या हो जाय उस के लिये कुछ नहीं कहा जा सकता । सरकार को इस की जांच करनी चाहिए कि यह गैस पाइप क्यों फटा है और इस के लिये कौन जिम्मेदार है और जो आठ मजदूर मरे हैं अगर उन के बच्चे काम करने लायक हैं तो उन को रोजी दी जाय और उन को मुआवजा दिया जाय और जो 24 मजदूर घायल हुए है और अस्पताल में भर्ती हैं उन की पूरी व्यवस्था की जाय जिस से कि वह फिर जल्दी ही काम पर आ सकें । और आखिरी बात कह कर मैं समाप्त करूंगा कि इसी सदन में तीन महीने पहले माननीय अश्विनी कुमार जी ने और मैंने इस एक प्रश्न को उठाया था कि इस स्टील प्लान्ट में जहां अरबों रुपया सरकार का लगा है वहां के जो मैनेजिंग डाइरेक्टर हैं उन को चोरी के मामले में बिहार के एक एस० पी० ने गिरफ्तार किया था । कई ट्रक कंवेयर बेल्ट को ले कर वह मामला था । वह गिरफ्तार हो कर जेल में जाते हैं और उन को गिरफ्तार करने की सजा के फलस्वरूप उस एस० पी० को 24 घंटे के अन्दर वहां से ट्रांसफर कर दिया जाता है उस को आप ने क्यों पकड़ा ।

**श्री उपसभापति** : यह दूसरा प्रश्न है ।

**श्री हुक्मदेव नारायण यादव** : तो जहां के मैनेजिंग डाइरेक्टर पर चोरी और भ्रष्टाचार के आरोप हों वहां तो अव्यवस्था होगी ही । उस के कारण ही यह गैस पाइप फटा है और इस अव्यवस्था ने पूरे उस स्टील प्लान्ट को चौपट कर दिया है । मैं चाहता हूं कि सरकार इस ओर ध्यान दे ।